कार्यालय प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश, प्रयागराज।

नोटिस

जनपद न्यायालय प्रयागराज में दिनॉक 24.04.2024 को जनपद न्यायालय प्रयागराज में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी संवर्ग से 1–तृतीय श्रेणी संवर्ग के कनिष्ठ सहायक, 2–तृतीय श्रेणी संवर्ग के वाहन चालक, 3–दफ्तरी/बण्डल लिफ्टर एवं 4–आदेश वाहक के पदों पर प्रोन्नति हेतु आवेदन दिनॉक 17/18.04.2024 सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित किये गये थे। आवेदनपत्रों की शर्ट लिस्टिंग करते समय यह ज्ञात हुआ कि आवेदकगण द्वारा अपने शैक्षिक योग्यता के समर्थन में कोई प्रपत्र नहीं लगाये गये हैं।

तद्नुसार आप को निर्देशित किया जाता है कि कल दिनॉक 20.04.2024 को सायं 05:00 बजे तक अपनी शैक्षिक योग्यता के संबंध में स्वप्रमाणित प्रपत्रों को श्री सन्त लाल सहायक नाजिर के समक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

आवेदनपत्रों के सूक्ष्म परिशीलन से यह भी स्पष्ट होता है कि आवेदकगण द्वारा एक से अधिक पदों के लिये आवेदन किया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व प्रेषित नोटिस दिनॉक 10.04.2024 को अंशतः संशोधित करते हुये दिनॉक 24.04.2024 को 1–कनिष्ठ सहायक सुबह 10:00–11:00 बजे तक, 2–वाहन चालक 11:30–12:30 बजे तक, 3–दफ्तरी/बण्डल लिफ्टर 01:00–02:00 बजे तक तथा 4–आदेशिका वाहक 02:30–03:30 बजे तक न्यू बिल्डिंग जनपद न्यायालय प्रयागराज में परीक्षा सम्पादित होगी।

उक्त प्रस्ताव माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के अनुमोदन हेतु सादर प्रेषित है।

सभी संबंधित सूचित हों।

दिनॉकः–19.04.2024

Approved
19.4.24

19-04-2024

(डा0 लक्ष्मी कान्त राठौर)
अध्यक्ष परीक्षा समिति/प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश,
प्रयागराज

प्रतिलिपि–

1–सिस्टम आफिसर कम्प्यूटर को इस निर्देश के साथ कि जनपद न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड़ करें।

2–केन्द्रीय नाजिर, नजारत अनुभाग एवं अन्य आवश्यक स्थानों पर नोटिस चस्पा करें।